सांवरे इतना तो कह दे | by Sheetal Pandey

सांवरे इतना तो कह दे किस से जाकर हम कहें
आपके होते कन्हैया दास क्यूँ दुखड़े सहे
सांवरे इतना तो कह दे..........

सांवरे मेरी तो केवल आपसे पहचान है
लेना देना आप ही से बस यही मुझे ज्ञान है
आपने आँखें चुराई समझो तो फिर लुट गए
सांवरे इतना तो कह दे..........

जान कर अनजान बैठे क्यूँ हमारे हाल पर
आप तो ऐसे नहीं थे रूठे हो किस बात पर
बेबसी ने सुध भुलाई दुखडो से बोझिल हुए
सांवरे इतना तो कह दे..........

गर हुई गलती कन्हैया माफ़ कर मेरी खता
ज़िन्दगी में दु:ख बहुत हैं तू तो हमको ना सत्ता
बिन महर होगी बसर ना ज़िन्दगी कैसे जियें
सांवरे इतना तो कह दे..........

गर हंसा हम पर ज़माना कैसे तू बच पायेगा
भक्तो और भगवान का इतिहास लिखा जायेगा
नंदू कर कृपा दयालु आकर दामन थाम ले
सांवरे इतना तो कह दे..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%87%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%b9-%e0%a4%a6%e0%a5%87-by-sheetal-pandey/